गो. ब. पंत हिमालय पर्यावरण एवं विकास संस्थान
गढ़वाल इकाई , श्रीनगर–गढ़वाल, 246 174, उत्तराखण्ड

निविदा सूचना

गोबिन्द बल्लभ पन्त हिमालय पर्यावरण एवं विकास संस्थान, गढ़वाल इकाई ,श्रीनगर–गढ़वाल ,पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड में **मारूती जिप्सी यू0पी0–01–2321** वाहन **(माडल–1995) "जहा है जैसी है"** हालत में है, के आधार पर बिक्री हेतु एतद् अधोहस्ताक्षरी के नाम से सील बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाए दिनांक 23/05/2016 के सांय 3 बजे तक स्वीकार्य होगी तथा उसी दिन 3:30 बजे अपराहन एतदर्थ गठित समिति द्वारा उपरोक्त संस्थान में खोली जाएगी। वाहन का निरीक्षण दिनांक 23/05/2016 तक प्रातः 10 बजे से सांय 3 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकता है।

शर्तेः– निविदा के साथ वाहन हेतु **रू0 10,000/–(दस हजार रूपये मात्र)** प्रति वाहन की पेशगी राशि का **बैंक ड्राफ्ट "गोबिन्द बल्लभ पंत हिमालय पर्यावरण एवं विकास संस्थान " जो कि श्रीनगर गढ़वाल में देय हो, को संलग्न करना अनिवार्य है।** निविदा स्वीकृति उपरान्त यदि संबंधित निविदादाता स्वीकृत निविदा की सम्पूर्ण धनराशि तथा उस पर देय बिक्री कर की धनराशि संस्थान के नाम पर बैंक डिमाण्ड निविदा स्वीकृति की तिथि से तीन दिन के अन्दर जमा कराने में असमर्थ रहे तो उसकी पेशगी धनराशि जब्त हो जायेगी । भुगतान चैक द्वारा स्वीकार नही किया जायेगा । निविदा एवं बिक्री कर की धनराशि जमा किये जाने के पश्चात ही उपर्युक्त वाहन संबंधित निविदाताओं को विधिवत हस्तांतरित किया जाएगा। हस्तांतरण से संबंधित समस्त कार्यवाही निविदादाता द्वारा की जाएगी तथा इस सन्दर्भ में संस्थान द्वारा यथोचित सहयोग किया जाएगा। किसी भी निविदा या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार संस्थान के पास निहित हैं।

वैज्ञानिक प्रभारी